भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1389**
13 फरवरी, 2025 को उत्तर देने के लिए

## खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से किसानों की आय और रोजगार

**1389. श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार द्वारा देश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से किसानों की आय और रोजगार बढ़ाने की संभावनाओं के बारे में कोई अध्ययन किया गया है;

**(ख)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ग)** देश में खाद्य पार्कों की संख्या कितनी है;

**(घ)** सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान स्वीकार/शुरू किए गए खाद्य पार्कों की राज्य वार संख्या कितनी है;

**(ड.)** पंजीकृत और अपंजीकृत इकाइयों में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कुल कितने लोग कार्यरत है; और

**(च)** नए खाद्य पार्कों से कितने लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क)** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने देश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से किसानों की आय और रोजगार बढ़ाने की संभावनाओं पर कोई अध्ययन नहीं किया है।

**(ख)** उपर्युक्त (क) के मद्देनजर, प्रश्न नहीं उठता।

**(ग)** मेगा फूड पार्क योजना के तहत देश भर में 41 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान प्रतिबद्ध देयता के प्रावधान के साथ मेगा फूड पार्क योजना को 01.04.2021 से बंद कर दिया गया है।

**(घ)** पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा अनुमोदित/आरंभ किए गए मेगा फूड पार्कों की संख्या की राज्यवार सूची **अनुबंध** में दी गई है।

**(ङ)** उद्योगों के नवीनतम वार्षिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, पंजीकृत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में 22.96 लाख व्यक्ति कार्यरत हैं और असंगठित क्षेत्र उद्यम वार्षिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, देश में अपंजीकृत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में 46.57 लाख व्यक्ति कार्यरत हैं।

**(च)** 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान प्रतिबद्ध देयता के प्रावधान के साथ मेगा फूड पार्कों की योजना 01.04.2021 से बंद कर दी गई है ।

*****

*अनुबंध*

**13 फरवरी, 2025 को उत्तर हेतु "खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से किसानों की आय और रोजगार" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1389 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की मेगा फूड पार्क योजनाओं के अंतर्गत अनुमोदित और पूर्ण/परिचालित मेगा फूड पार्कों की राज्यवार सूची**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **2019-20 से 31 जनवरी, 2025 तक** | |
|---|---|---|---|
| | | **अनुमोदित** | **पूर्ण/परिचालित** |
| 1 | अंडमान और निकोबार | | |
| 2 | आंध्र प्रदेश | | |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | | |
| 4 | असम | | |
| 5 | बिहार | 1 | 0 |
| 6 | चंडीगढ़ | | |
| 7 | छत्तीसगढ | | 1 |
| 8 | दादर और नगर हवेली और दमन एवं दीव | | |
| 9 | दिल्ली | | |
| 10 | गोवा | | |
| 11 | गुजरात | | |
| 12 | हरियाणा | | 1 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | | |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | | |
| 15 | झारखंड | | |
| 16 | कर्नाटक | | |
| 17 | केरल | | 2 |
| 18 | लद्दाख | | |
| 19 | लक्षद्वीप | | |
| 20 | मध्य प्रदेश | | |
| 21 | महाराष्ट्र | | |
| 22 | मणिपुर | | |
| 23 | मेघालय | 1 | 0 |
| 24 | मिजोरम | | 1 |
| 25 | नागालैंड | | |
| 26 | ओडिशा | | |
| 27 | पुडुचेरी | | |
| 28 | पंजाब | | 1 |
| 29 | राजस्थान | 1 | 0 |
| 30 | सिक्किम | | |
| 31 | तमिलनाडु | 1 | 0 |
| 32 | तेलंगाना | | |
| 33 | त्रिपुरा | | |
| 34 | उत्तर प्रदेश | | |
| 35 | उत्तराखंड | | |
| 36 | पश्चिम बंगाल | | |
| | **कुल** | **4** | **6** |

******